# मेट्रो सेवा वाला आगरा प्रदेश का छठा शहर बना, प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई हरी झंडी

## ताजमहल पूर्वी गेट से मनकामेश्वर तक पहले चरण की शुरुआत

अमर उजाला ब्यूरो

आगरा। ताजमहल के लिए दुनियाभर में मशहूर आगरा के सिर पर बुधवार को मेट्रो का ताज सज गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोलकाता से रिमोट का बटन दबाया तो आगरा में मेट्रो की दौड़ शुरू हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शाहजहां गार्डन स्थित भूमिगत ताजमहल मेट्रो स्टेशन से ताजपूर्वी गेट स्टेशन तक मेट्रो में सफर किया। आम लोग बृहस्पतिवार से मेट्रो से सफर कर सकेंगे।

सार्वजनिक परिवहन के रूप में मेट्रो ट्रेन की सुविधा वाला आगरा देश का 21वां और उत्तर प्रदेश का छठा शहर बन गया है। देश के 27 शहरों में मेट्रो प्रोजेक्ट प्रस्तावित हैं। कोलकाता से पीएम मोदी ने आगरा के अलावा कोच्चि, पुणे मेट्रो सहित कुल 40 किलोमीटर मेट्रो सेवा आरंभ की।

**छह स्टेशन के बीच दौड़ेगी मेट्रो :** आगरा मेट्रो में 29.40 किमी लंबाई के दो कॉरिडोर हैं। सिकंदरा से ताज पूर्वी गेट तक 14 किमी लंबे पहले कॉरिडोर में 13 स्टेशन हैं। इनमें सात भूमिगत और छह एलिवेटिड स्टेशन हैं। पहले कॉरिडोर में ताजपूर्वी गेट से मनकामेश्वर मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो लाइन की शुरुआत हुई है।



### सीएम बोले- 32 महीने के कार्य को सिर्फ 23 माह में पूरा किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेट्रो में सफर के बाद मीडिया से कहा कि आगरा से छत्रपति शिवाजी का गौरव जुड़ा हुआ है। आगरा मेट्रो ने 32 महीने के कार्य को सिर्फ 23 महीने में पूरा कर सबसे कम समय में देश में यात्री सेवा शुरू करने का रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं के लिए आगरा में मेट्रो की जरूरत थी। अब आगरा को आईटी सेक्टर के रूप में विकसित करेंगे। इसके लिए कई योजनाएं बनी हैं। उन पर तेजी से कार्य हो रहा है।

### मुख्यमंत्री का सपा पर तंज...

### इटावा-सैफई आने में अब लोग डरते नहीं

सैफई (इटावा)। पहले इटावा और सैफई के नाम से लोग डरते थे, आज यहां कोई डर नहीं। यह बात बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सैफई आयुर्विज्ञान विवि में नवनिर्मित 500 बेड के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के लोकार्पण के दौरान सपा पर तंज कसते हुए कही। सैफई मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 1996 के एक किस्से का जिक्र करते हुए कहा कि वह जयपुर से आगरा रात में पहुंचे थे। वह कानपुर के लिए निकल रहे थे तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें जाने से मना किया। कहा कि रास्ते में इटावा पड़ेगा। बोले, इस हद तक सैफई और इटावा का डर हुआ करता था। पर अब कोई डर नहीं। उन्होंने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव यादव को याद कर श्रद्धांजलि दी। कहा कि उन्होंने अपने गांव में आयुर्विज्ञान विवि स्थापित किया। संवाद